**रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.**
**(हिंदी कक्ष)**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 25.01.2016

विषय : 12/2015 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 12/2015 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 30.12.2015 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए. विश्वेश्वर राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. बाल जवाहर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री प्रेमसागर मीना, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 5. | श्रीमती के. लक्ष्मी कुमारी, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | श्री एन. पट्टाभिरामा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री आर. चंद्रशेखर राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री टी. विजयन् | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री एम. सतीश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री सी. नागराजा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

**"बैठक का कार्यवृत्त"**

सर्वप्रथम समिति के नए सदस्य श्री आर. चंद्रशेखर राव , वरिष्ठ लेखा अधिकारी का परिचय दिया गया तथा अगले महीने सेवानिवृत्त होने वाली सदस्या श्रीमती के. लक्ष्मी कुमारी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें सुखद सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई । इसके उपरांत सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 19.10.2015 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 19.10.2015 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 19.10.2015 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. हिंदी कार्यशाला का आयोजन - मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद में दिनांक 14.12.2015 से 18.12.2015 तक की अवधि के दौरान पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में 18 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. हिंदी प्रशिक्षण - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्रवीण की कक्षाएं चल रही हैं जिसकी अंतिम परीक्षा 15.11.2015 को आयोजित की गई। परीक्षा के परिणाम प्रतीक्षित हैं ।

3. लेखा अधिकारी, जी.ई. कार्यालयों में द्विभाषी पत्राचार - पिछली बैठक में नियंत्रक महोदय ने निदेश दिया था कि संगठन के ले.अ., जी.ई. कार्यालयों द्वारा मुख्यालय कार्यालय के साथ जो नेमी पत्राचार होता है उसे द्विभाषी बनवाया जाए । इस संबंध में समिति को सूचित किया गया कि लेखा अधिकारी, जी.ई. कार्यालयों से पत्रों के नमूने प्राप्त हो रहे हैं और उन्हें द्विभाषी बनाया जा रहा है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ले.अ., जी.ई. कार्यालयों और स्थानीय अनुभागों से प्राप्त प्रपत्रों के सटीक आंकड़ों को प्रस्तुत किया जाए ।

4. रक्षा मंत्रालय (वित्त) नई दिल्ली द्वारा राजभाषा निरीक्षण - जैसा कि पिछली बैठक में सदस्यों को सूचित किया गया कि रक्षा मंत्रालय (वित्त), नई दिल्ली द्वारा हमारे संगठन के तीन अधीनस्थ कार्यालय जो विशाखापट्टणम् में स्थित हैं, का राजभाषा निरीक्षण किया गया । इनकी निरीक्षण रिपोर्टें आ गई हैं और संबंधित कार्यालयों को उनकी प्रतियाँ भेज दी गई हैं । अध्यक्ष महोदय ने निरीक्षण रिपोर्ट में पाई गई कमियों को सूचित करने को कहा । वरिष्ठ अनुवादक ने सूचित किया कि दो मुख्य आपत्तियाँ हैं - (1) सभी रजिस्टरो में हिंदी में प्रविष्टियाँ नहीं की जा रही हैं (2) मासिक सम्मेलनों के कार्यवृत्त केवल अंग्रेज़ी में जारी किए जा रहे हैं । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इन कमियों को दूर करने के लिए वरिष्ठ अनुवादक अधीनस्थ कार्यालयों की पूरी मदद करें ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 06/2015 तथा 09/2015 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 06/2015 तथा 09/2015 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 06/2015 | 270 | 270 | शून्य |
| 09/2015 | 323 | 323 | शून्य |

2. <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 06/2015 | 10781 | 6931 | 60.86% |
| 09/2015 | 11917 | 6846 | 63.51% |

समिति को सूचित किया गया कि दोनों तिमाहियों के आंकड़ों की तुलना करने पर हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में लगभग 3% की बढ़त हुई है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ले.अ., जी.ई. कार्यालयों के नेमी पत्राचार को द्विभाषी बनाने पर संगठन के कुल हिंदी पत्राचार में और अधिक बढ़ौतरी हो सकती है ।

**मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा -**

समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से कुल 07 पत्र प्राप्त हुए हैं। इसमें से एक पत्र संसदीय समिति के निरीक्षण से संबधित है जिसमें महानियंत्रक कार्यालय ने संसदीय समिति के निरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों पर एक पत्र भेजा था जिसकी अंतर्वस्तु को सभी उप-कार्यालयों को परिचालित किया जा चुका है । पत्र में नियमित रूप से कार्यशालाओं के आयोजन, राजभाषा संबंधी नियमों तथा प्रावधानों की जानकारी, राजभाषा कार्य की तिमाहीवार-समीक्षा, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए ''कार्यालय व्यय'' शीर्ष के अधीन वित्तीय प्रावधान और प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को व्यक्तिश: आदेश जारी करने के संबंध निदेश दिए गए थे । समिति को सूचित किया गया कि एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय ने उन द्विभाषी वेबसाइटों पर टिप्पणी की है जो मशीनी अनुवाद का प्रयोग कर रहे हैं जिसके कारण अर्थ का अनर्थ हो रहा है । इस संबंध में सूचित किया गया कि इस संगठन के वेबसाइट में हिंदी कक्ष के द्वारा अनूदित पृष्ठों को ही लोड किया जाता है और मशीनी अनुवाद का प्रयोग नहीं किया जा रहा है । समिति को यह भी सूचित किया गया कि इस संगठन के विशाखापट्टणम् स्थित तीन अधीनस्थ कार्यालयों का रक्षा मंत्रालय (वित्त), नई दिल्ली के अधिकारियों द्वारा राजभाषा निरीक्षण किया गया और उनकी निरीक्षण रिपोर्टें मुख्यालय कार्यालय के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुई हैं । मुख्यालय कार्यालय ने संगठन के हिंदी कैडर का पूरा विवरण माँगा था जो उन्हें भेज दिया गया है ।

**मद सं. 4 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि इस कार्यालय ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के लगभग सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रम के मदों में निधीरत लक्ष्यों से अधिक कार्य करने का प्रयास करना चाहिए ।

**मद सं. 5 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 03 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | 01 | 01 |

**<u>मद सं. 6</u>** - **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव</u>** :

<u>सुझाव सं. 1</u> - श्री पट्‌ाभि रामा राव, व.ले.अ. ने सुझाव दिया कि सभी अनुभागों से जारी किए जाने वाले चेक स्लिप और पंचिंग माध्यम द्विभाषी जारी किए जा सकते हैं । वरिष्ठ अनुवादक ने सूचित किया कि पुराने ओ.ए सिस्टम में उपरोक्त दोनों दस्तावेज़ों को द्विभाषी जारी किया जा रहा था । परंतु ट्‌यूलिप परियोजना में इसे नहीं किया जा सका है क्योंकि आ.टी.एस.डी.सी. के प्राधिकारियों ने सूचित किया है कि ट्‌यूलिप परियोजना पी.डी.एफ. फार्मेट में है जिसमें यूनिकोड नहीं आ रहा है । जब भी यह परियोजना टेक्स्ट फाइल में बदली जाएगी तब इसे द्विभाषी बनाया जाएगा । इस कार्य के लिए हिंदी कक्ष ने पहले ही सारे दस्तावेज़ों का हिंदी अनुवाद यूनिकोड में तैयार करके रखा है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ग्रूप अधिकारी (ई.डी.पी) के माध्यम से आई.टी.एस.डी.सी., सिकंदराबाद को एक पत्र लिखकर उपरोक्त दस्तावेज़ों को ट्‌यूलिप परियोजना में द्विभाषी जारी करने की सुविधा उपलब्ध करने को कहा जाए । अनुवादक ने इसे नोट किया ।

सुझाव सं. 2 - अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जो भी दस्तावेज़ पुराने ओ.ए सिस्टम में द्विभाषी में किया जा रहा था उन सभी को ट्‌यूलिप परियोजना में भी द्विभाषी बनाने का प्रयास किया जाए । साथ ही सभी अनुभागों में नेमी पत्राचार को द्विभाषी बनाने का प्रयास किया जाए । इस कार्य के लिए वरिष्ठ अनुवादक समय-समय पर अधीनस्थ कार्यालयों और स्थानीय अनुभागों का दौरा करें । अनुवादक ने इसे नोट किया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-
**(जी. जयसूर्यन नायर)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. हिंदी अधिकारी, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर, हैदराबाद।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

हस्ता/-
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**